भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1495 का उत्तर

नई रेललाइन का सर्वेक्षण

1495. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर और मध्य रेलवे के अंतर्गत भरतपुर-डीग-कामा-कोसी नई रेललाइन का कार्य अभी तक भी आरंभ नहीं किया गया है जबकि इसका सर्वेक्षण कार्य कई वर्ष पहले पूरा हो चुका था और निर्माण की कीमत भी बढ़ने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त रेल लाइन के लिए इस रेल बजट में निधियां प्रदान करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): भरतपुर -डीग-कमान-कोसी कलां 85.7 किमी नई रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण को जून, 2014 में पूरा कर लिया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना को वित्तीय दृष्टिकोण से अव्यवहार्य पाया गया और आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

****